<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

an>

Title: Need to provide stoppage of Jan Satabdi and Chetak express at Dabla and Kanwat railway station on Sarai Rohilla- Udaipur railway route.

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र में रेलवे से संबंधित एक-दो समस्याएं हैं। …(व्यवधान) सराय रोहिल्ला से उदयपुर के लिए जो ट्रेन जाती है, उस ट्रेन के रास्ते में डाबला रेलवे स्टेशन पड़ता है। …(व्यवधान) इस रेलवे स्टेशन पर हम चाहते हैं कि इस ट्रेन का ठहराव हो। …(व्यवधान) मुख्य रूप से जो सैनिक हैं, हमारे इस विधान सभा क्षेत्र में सब से अधिक सैनिक हैं। …(व्यवधान) उनको यात्रा का जो वॉरेंट मिलता है, वह ट्रेन का मिलता है। …(व्यवधान) ट्रेन की सुविधा न होने के कारण वे घर के नज़दीक आकर भी डेढ़-दो हज़ार रुपये टैक्सी का देकर घर पहुंच पाते हैं। …(व्यवधान)

महोदया, इसी तरह दूसरा रेलवे स्टेशन इसी ट्रैक के ऊपर कांवट रेलवे स्टेशन पड़ता है। …(व्यवधान) वहां भी यही समस्या है। …(व्यवधान) पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण ट्रेन वहां नहीं रुकती है और वहां सैनिकों और अन्य सवारियों को बहुत परेशानी रहती है। …(व्यवधान) दोनों स्टेशनों के आसपास 15-20 गांव पड़ते हैं। …(व्यवधान) मेरा रेल विभाग से निवेदन है कि इन दोनों स्टेशनों पर जन शताब्दी और चेतक को ठहराव दिया जाए। …(व्यवधान) मेरा यही निवेदन है। धन्यवाद।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सुमेधानन्द सरस्वती द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।